JAGRAN Josh

Simplifying Test Prep

WWW.JAGRANJOSH.COM

करेंट अफेयर्स मई 2013

विषय सूची

विषय सूची 2

प्रस्तावना 11

अंतरराष्ट्रीय | विश्व 12

पाकिस्तान उच्चायोग के अधिकारियों को पाकिस्तानी कैदी से मिलने की अनुमति 12

भारत-ईरान संयुक्त आयोग की 17वीं बैठक तेहरान में संपन्न 12

स्टेट ऑफ द वर्ल्ड्स मदर्स रिपोर्ट-2013 13

दौलत बेग ओल्दी क्षेत्र में भारत और चीन के बीच सैन्य गतिरोध समाप्त 14

भारत और चीन ने मीडिया को सूचना उपलब्ध कराने हेतु सहयोग बढ़ाने का समझौता किया 14

शहरी आयोजना और प्रबंधन में तकनीकी सहयोग पर भारत तथा नीदरलैंडस के मध्य समझौता 14

पाकिस्तान चुनाव 2013: पाकिस्तान मुस्लिम लीग (नवाज़) ने 126 सीटें जीती 15

भारत का पांचवें इब्सा महिला फोरम प्रस्ताव पर हस्ताक्षर 16

भारत उत्तर ध्रुवीय देशों की आर्कटिक परिषद में प्रेक्षक देश के रूप में शामिल 17

उत्तर कोरिया ने पूर्वी समुद्री क्षेत्र से कम दूरी की मिसाइल का परीक्षण किया 17

भारत और चीन के मध्य व्यापार घाटा कम करने हेतु चार समझौते पर हस्ताक्षर 18

भारत और यूनाइटेड किंगडम के मध्य समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर 18

चीन के प्रधानमंत्री की भारत यात्रा संपन्न 19

भारतीय प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की जापान यात्रा संपन्न 20

केंद्रीय वाणिज्य मंत्री आनंद शर्मा का जापान दौरा 21

क्यूबा के विदेशमंत्री की भारत यात्रा संपन्न 22

भारतीय प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का थाईलैंड दौरा संपन्न, सात समझौतों पर हस्ताक्षर 22

भारत के विदेशमंत्री सलमान खुर्शीद का सऊदी अरब दौरा, 24-27 मई 2013 24

अफगानिस्तानके राष्ट्रपति हामिद करजई की भारत यात्रा, 20-22 मई 2013.....24

भारत के उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी का चार दिन का उज्बेकिस्तानदौरा, 21-24 मई 2013 24

विश्व की डायरी.....25

करेंट अफेयर्स क्विज.....32

राष्ट्रीय|भारत.....34

टू जी स्पेक्ट्रम पर संयुक्त संसदीय समिति के कार्यकाल का विस्तार.....34

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन में परिवर्तनों को मंजूरी.....35

सर्वोच्च न्यायालय द्वारा कुडनकुलम परमाणु ऊर्जा संयंत्र चालू करने के विरुद्ध याचिका खारिज.....35

राष्ट्रीय महिला आयोग और हुडको के मध्य समझौता.....36

केन्द्र को सीबीआई को बाहरी प्रभाव और अनुचित हस्तक्षेप से बचाने हेतु कानून बनाने का निर्देश.....36

राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा नीति मंजूर.....37

केयर्न-वेदांत सौदे को चुनौती देने वाली याचिका खारिज.....38

राष्ट्रीय कौशल विकास प्राधिकरण के गठन को मंजूरी.....38

राज्यों को पिछड़े राज्य का दर्जा देने के मापदंड तय करने हेतु 6 सदस्यों की समिति गठित.....39

क्रीमीलेयर के मापदण्ड को बढ़ाकर छह लाख रुपए किया गया 39

विशेष भर्ती अभियान चलाने को मंत्रिमंडल की मंजूरी 40

प्रभावी कार्यान्वयन के लिए प्रायोजित 147 योजनाओं के 70 योजनाओं में विलय को मंजूरी.....40

राष्ट्रीय क्विज.....41

भारत की डायरी.....44

अर्थव्यवस्था 51

शहरी गरीबों के लिए 22 हजार करोड़ रूपए के राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन को मंजूरी 51

एकल ब्रांड खुदरा क्षेत्र में आईकिया के 10500 करोड़ रूपए के निवेश के प्रस्ताव को मंजूरी 52

फसल वर्ष 2012-13 में देश का खाद्यान्न उत्पादन कुल 25.53 करोड़ टन होने का अनुमान 52

केंद्र सरकार द्वारा 262.56 करोड़ रुपए के 17 एफडीआई प्रस्तावों को मंजूरी.....53

अंतरराष्ट्रीय | विश्व

पाकिस्तान उच्चायोग के अधिकारियों को पाकिस्तानी कैदी से मिलने की अनुमति

भारत ने पाकिस्तान उच्चायोग के अधिकारियों को जम्मू जेल में घायल पाकिस्तानी कैदी सनाउल्ला से मिलने की अनुमति मई 2013 के पहले सप्ताह में प्रदान की. उसका इलाज चंडीगढ़ में चल रहा है. भारतीय विदेश मंत्रालय ने पाकिस्तान के उच्चायोग के तीन अधिकारियों और एक ड्राइवर को सनाउल्ला से मिलने के लिए चंडीगढ़ जाने की भी अनुमति दी है. सनाउल्ला जम्मू जेल में एक कैदी के साथ हाथापाई में घायल हो गया था. उसे कोट बलवल जेल से तुरंत सरकारी अस्पताल ले जाया गया था. उसकी हालत खराब होने पर उसे पीजीआई चंडीगढ़ भेज दिया गया था.

भारत-ईरान संयुक्त आयोग की 17 वीं बैठक तेहरान में संपन्न

भारत-ईरान संयुक्त आयोग की 17 वीं बैठक ईरान की राजधानी तेहरान में 5 मई 2013 को संपन्न हुई. इसकी अध्यक्षता भारत के विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद और ईरान के विदेश मंत्री अली अकबर सालेही ने संयुक्त रूप से की बैठक के दौरान दोनों पक्षो ने आपसी हित के द्विपक्षीय और क्षेत्रीय मुद्दो पर बातचीत की.

बैठक की मुख्य विशेषताएं

भारत और ईरान ने दोनों देशों के बीच संपर्क बढ़ाने के साथ-साथ द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत बनाने का निर्णय किया. इसके लिए भारत सरकार सामरिक रूप से महत्त्वपूर्ण चाहबहार बंदरगाह के उन्नयन में भागीदार बनने का निर्णय लिया है. भारत सरकार ने इस परियोजना को सैद्धांतिक तौर पर मंजूरी भी दे दी है. इस परियोजना की लागत और अन्य पक्षों पर विचार करने के लिए भारतीय जहाजरानी मंत्रालय के सचिव तेहरान जाएंगे. यह परियोजना केवल ईरान और अफगानिस्तान के लिए नहीं बल्कि पूरे मध्य एशिया के लिए महत्त्वपूर्ण है.

संयुक्त आयोग की बैठक में दोनों पक्ष भारत, ईरान और अफगानिस्तान के बीच त्रिपक्षीय पारगमन समझौते पर काम करने को लेकर सहमत हुए. बैठक के दौरान यह भी रेखांकित किया गया कि समझौते के मसौदे पर काम जल्दी ही शुरू हो जाना चाहिए. बैठक के दौरान दोनों पक्षों में व्यापारिक संबंध बढ़ाने और लोगों के बीच आपसी संपर्क बेहतर बनाने के संबंध में बातचीत हुई. इसी क्रम में सरल वीजा प्रणाली की आवश्यकता महसूस की गई.

दोनों पक्षों ने ईरान को रूस से जोड़ने वाले प्रस्तावित उत्तर-दक्षिण गलियारा (नॉर्थ-साऊथ कॉरिडोर) के संबंध में हुई प्रगति की समीक्षा की. इस संबंध में भारत ने कहा, इस परियोजना में आने वाली किसी भी बाधा या अवरोध को हटाया जाना चाहिए. बातचीत के दौरान ईरान के विवादित परमाणु कार्यक्रम पर भी चर्चा हुई और इस संबंध में ईरानके विदेश मंत्री ने बताया कि पी5 प्लस 1 के साथ वार्ता वर्ष 2013 में शुरू की जाएगी. ईरान और भारत दोनों ने संयुक्त रूप से सीरिया में जारी हिंसा पर गंभीर चिंता व्यक्त की और सभी पक्षों से हिंसा छोड़ने और विवादों को शांतिपूर्ण तरीके से लोगों की आकांक्षाओं को ध्यान में रखते हुए बातचीत से सुलझाने का आह्वान किया.

भारत ने ईरान में रह रहे सिख समुदाय के लोगों की समस्याओं और विशेष तौर पर उनके विवाह पंजीकरण में आने वाली परेशानियों पर चर्चा की. यहां रह रहे सिख समुदाय के लोगों को ईरानी कानूनों के तहत विवाह के पंजीकरण में समस्या आती है. ईरान में भारतीय मूल के करीब 3000 लोग रहते हैं और उनमें से एक तिहाई सिख हैं. सिख ईरान को पवित्र भूमि मानते हैं उनका मानना है कि गुरू नानक देव जी अफगानिस्तान, ईरान और इराक के रास्ते होते हुए ही मक्का गए थे.

स्टेट ऑफ द वर्ल्ड्स मदर्स रिपोर्ट-2013

भारत में प्रत्येक वर्ष 309300 शिशु जन्म लेने के 24 घंटों के भीतर मर जाते हैं. सेव द चिल्ड्रन नाम के एनजीओ द्वारा जारी स्टेट ऑफ द वर्ल्ड्स मदर्स रिपोर्ट 2013 में भारत चीन और पाकिस्तान से भी आगे है.

रिपोर्ट-2013 से संबंधित मुख्य तथ्य

• रिपोर्ट के अनुसार एक दिन के भीतर मरने वाले 29 प्रतिशत बच्चे भारत में होते हैं.

• नाइजीरिया में 24 घंटों के भीतर 89 हजार बच्चों की मृत्यु होती है.

• दक्षिण एशिया में हर मिनट एक शिशु की मृत्यु होती है.

• भारत में 170 में से एक मां को जान का खतरा होता है.

• नेपाल में 190 में से एक मां को जान का खतरा होता है.

विश्व में जन्म के पहले दिन मर जाने वाले शिशुओं की अधिकतम संख्या वाले 10 शीर्ष देशों की सूची

दौलत बेग ओल्दी क्षेत्र में भारत और चीन के बीच सैन्य गतिरोध समाप्त

भारत और चीन ने लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा के पास दौलत बेग ओलदी सैक्टर से सेनाएं 5 मई 2013 को हटा ली. राजनयिक स्तर पर हुई बातचीत के बाद दोनों देशों के बीच यह समझौता हुआ. भारत और चीन के सैन्य कमाण्डरों की चौथी फ्लैग मीटिंग में बातचीत हुई. राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने प्रधानमंत्री को इसकी जानकारी दी. दोनों देशों ने 15 अप्रैल 2013 से पहले की स्थिति पर सेनाएं बुला ली हैं. भारत और चीन के बीच वास्तविक नियंत्रण रेखा पर तनातनी तब शुरू हुई, जब 15 अप्रैल 2013 को 50 चीनी सैनिक भारत की सीमा पर घुस आए और अपने शिविर लगा लिए.

विदित हो कि भारत के विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद की चीन की यात्रा 9 मई 2013 को शुरू होनी है. चीन के प्रधानमंत्री 20 मई 2013 को भारत की यात्रा पर आने वाले हैं.

भारत और चीन ने मीडिया को सूचना उपलब्ध कराने हेतु सहयोग बढ़ाने का समझौता किया

भारत और चीन के विदेश मंत्रालयों के मध्य मीडिया को सूचना उपलब्ध कराने हेतु सहयोग बढ़ाने के समझौते पर 9 मई 2013 को हस्ताक्षर किए गए. इसके अलावा भारत और चीन ने लद्दाख क्षेत्र में सीमा पर दोनों देशों के मध्य हाल के गतिरोध से पैदा स्थिति की समीक्षा की. विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद और चीन के विदेश मंत्री वांग ई की बैठक में पेइचिंग में इस मुद्दे पर चर्चा की गई. सलमान खुर्शीद ने सीमा उल्लंघन के मामलों को निपटाने में तेजी लाने के लिए मौजूदा व्यवस्था को अधिक असरदार बनाने पर जोर दिया. दोनों नेताओं ने मुख्य रूप से लद्दाख में चीन के अतिक्रमण पर दोनों देशों के बीच तीन हफ्ते तक चली तनातनी पर चर्चा की और इस मसले के समाधान पर संतोष व्यक्त किया.

शहरी आयोजना और प्रबंधन में तकनीकी सहयोग पर भारत तथा नीदरलैंडस के मध्य समझौता

शहरी विकास और संसदीय कार्य मंत्री कमलनाथ एवं नीदरलैंड की आधारभूत संरचना एवं पर्यावरण मंत्री मेलेनी शचल्टज वैन हेगेन ने 14 मई 2013 को हेग, नीदरलैंड में शहरी आयोजना, जल प्रबंधन एवं संचालन प्रबंधन के क्षेत्र में तकनीकी सहयोग के समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए. समझौता ज्ञापन के तहत एक संयुक्त कार्यदल का गठन करने का निर्णय लिया गया, जिसका कार्य वार्षिक कार्यक्रम तैयार करना है. समझौता ज्ञापन के तहत पहला सेमिनार जून 2013 में रोटरडम में आयोजित करने का भी निर्णय किया गया है. इसके बाद यह सेमिनार भारत में आयोजित किया जाना है. द्विपक्षीय बैठक के दौरान कमलनाथ ने भारत की शहरीकरण की चुनौतियों तथा इनका सामना करने के बारे में बताया. साथ ही यह भी कहा कि इन चुनौतियों का सामना करने के दौरान सहयोग के अपार अवसर हैं.

मार्च 2013 में उत्तर कोरिया ने दो कम दूरी की मिसाइलों का परीक्षण पूर्वी तट पर किया था. अमेरिकी अधिकारियों का कहना है कि उत्तरी कोरिया ने हाल में गुआम तक मार करने वाली मध्यम-दूरी की दो मिसाइलें वापस ले ली थी. इन्हें वर्ष 2013 की शुरुआत में पूर्वी तट पर तैनात किया गया था. उत्तर कोरिया की ओर युद्ध जैसी धमकियों के कुछ हफ्तों बाद कम-दूरी की मिसाइलें लांच करने को उसकी कूटनीति का हिस्सा समझा जा रहा है.

भारत और चीन के मध्य व्यापार घाटा कम करने हेतु चार समझौते पर हस्ताक्षर

भारत और चीन के मध्य व्यापार घाटा कम करने के उद्देश्य से तीन सहमति पत्र (एमओयू) और एक समझौते पर 20 मई 2013 को हस्ताक्षर किए गए. यह तीन एमओयू भैंस के मांस, मछली उत्पाद, औषधियों के निर्यात से संबंधित है, जबकि समझौता चारे और चारा सम्बंधी अवयवों के व्यापार को आसान करने से सम्बंधित है. इन समझौतों पर प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह और चीन के प्रधानमंत्री ली केकियांग की मौजूदगी में सम्बंधित अधिकारियों ने हस्ताक्षर किए.

केंद्रीय वाणिज्य मंत्रालय के अनुसार चीन के साथ भारत का व्यापार घाटा वित्त वर्ष 2012-13 में बढ़कर 40.77 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जो वर्ष 2001-02 में 1.08 अरब डॉलर था. इसके साथ ही वित्त वर्ष 2012-13 में द्विपक्षीय व्यापार बढ़कर 67.83 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जो वित्त वर्ष 2001-02 में 2.09 अरब डॉलर था. वित्त वर्ष 2011-12 में चीन भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बन गया था और तब दोनों देशों के बीच व्यापार बढ़कर 75.59 अरब डॉलर हो गया था.

भारत और यूनाइटेड किंगडम के मध्य समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

भारत और यूनाइटेड किंगडम के मध्य स्वास्थ्य के क्षेत्र में सहयोग के लिए समझौता ज्ञापन 19 मई 2013 को किया गया. भारत के केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री गुलाम नबी आजाद तथा यूनाइटेड किंगडम के राज्य स्वास्थ्य सचिव जेरेमी रिचर्ड हंट ने इस समझौता ज्ञापन पर जिनेवा में हस्ताक्षर किए. यह समझौता दोनों देशों के बीच स्वास्थ्य के क्षेत्र में व्यापक सहयोग तथा जानकारी और विशेषज्ञता के आदान-प्रदान का आधार होना है.

समझौता ज्ञापन के तहत निम्न क्षेत्रों में सहयोग किया जाना है

- भारत तथा यूनाइटेड किंगडम में स्वास्थ्य नीतियों के आदान-प्रदान को बढ़ावा देना.
- स्वास्थ्य के लिए मानव संसाधन.
- नियमन संबंधी मामले.

• स्वास्थ्य तकनीक का विकास.

• आरंभिक स्वास्थ्य सेवा.

• सार्वजनिक आधारभूत ढांचे तथा सक्षमता का निर्माण.

• संक्रामक रोग, उभरते अन्य संक्रमण तथा रोकथाम के लिए औषधियों सहित स्वास्थ्य सुरक्षा.

विदित हो कि भारत वर्ष 1975 से ही यूनाइटेड किंगडम का रणनीतिक सहयोगी रहा है और अनुदानों के रूप में यूनाइटेड किंगडम से द्विपक्षीय सहयोग प्राप्त करता रहा है. डिपार्टमेंट फॉर इंटरनेशनल डबलपमेंट (डीएफआईडी) यूनाइटेड किंगडम की अनुदान एजेंसी है, जिसकी प्राथमिकता भारत में मातृत्व एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार तथा संक्रामक रोगों की रोकथाम रही है.

चीन के प्रधानमंत्री की भारत यात्रा संपन्न

चीन के प्रधानमंत्री ली केकियांग 19-21 मई 2013 को अपने तीन-दिवसीय भारत दौरे के दौरान 20 मई 2013 को भारतीय प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह और यूपीए की अध्यक्ष सोनिया गांधी से मुलाकात की. दोनो देशों के बीच आठ प्रमुख मुद्दों पर करार किये गए. दोनों देशों में इस बात पर सहमति बनी कि निष्पक्ष, यथोचित और परस्पर स्वीकार्य सीमा समझौते का एक प्रारूप तैयार हो ताकि सीमाओं को लेकर हो संघर्षों पर विराम लग सके. दोनो देशों के बीच व्यापार असंतुलन को दूर करने के लिए वर्ष 2015 तक 100 अरब डॉलर के द्विपक्षीय व्यापार के लक्ष्य को पूरा करने के लिए आपसी प्रयासों को लेकर सहमति हुई.

भारत दौरे के दौरान हुए आठ करार

1. ब्रम्हपुत्र नदी के जल-स्तर, पानी छोड़े जाने एवं बारिश की सूचना प्रत्येक वर्ष 1 जून से 15 अक्टूबर के बीच दिन में दो बार भारत को देगा.

2. व्यापार उन्नयन के लिए तीन कार्य समूहों – सेवा व्यापार संवर्धन कार्य समूह, आर्थिक एवं व्यापार योजना सहयोग समूह और व्यापार सांख्यिकी विश्लेषण समूह के गठन पर सहमति.

3. कैलाश मानसरोवर की यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं के लिए सेवाओं में सुधार उन्हें लोकल मोबाइल सिम मुहैया कराए जाएंगे.

4. सिंचाई में पानी के बेहतर इस्तेमाल के क्षेत्र में सहयोग के लिए जल संसाधन मंत्रालय तथा चीन के राष्ट्रीय विकास और सुधार आयोग के बीच सहमति.

5. दोनो देशों के विदेश मंत्रालयों के बीच कुछ राज्यों एवं शहरों के बीच सहयोग एवं संपर्क पर सहमति.

• यूएस-2 उभयपक्षी विमान के सम्बंध में सहयोग करने के प्रारूप निर्धारण हेतु एक संयुक्त कार्यदल की स्थापना का निर्णय.

• जापान ने भारत दो दिये जा रहे ढांचागत और मानव संसाधन विकास सहित, सामाजिक और आर्थिक विकास के क्षेत्र में सहायता जारी रखेगा.

• मुंबई मैट्रो लाइन-3 परियोजना हेतु 71 अरब येन के ऋण तथा 8 परियोजनाओं के लिए 2012 के वित्त वर्ष के कुल 353.106 अरब येन के ऋण के लिए आवश्यक दस्तावेजों पर हस्ताक्षर.

• आईआईटी हैदराबाद के कैम्पस के विकास के द्वितीय चरण और 13 अरब येन की लागत वाले तमिलनाडु निवेश प्रोत्साहन कार्यक्रम के प्रति जापान के प्रधानमंत्री की वचनबद्धता की सराहना भारतीय प्रधानमंत्री ने की.

• व्यापक भागीदारी समझौते (सीईपीए) से आर्थिक एवं व्यापारिक सम्बंध सुदृढ़ हुए हैं.

• भारतीय झींगे के जापान में आयात से जुड़े मुद्दे को शीघ्र सुलझाने पर सहमति.

• चेन्नई-बेंगलूरू औद्योगिक गलियारा (सीबीआईसी) के लिए वृहत योजना से सम्बंधित विषयों पर हस्ताक्षर. इस परियोजना को वित्त वर्ष 2014 के अंत तक पूरा करना है.

• भारत के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय तथा जापान के अर्थव्यवस्था, व्यापार और उद्योग मंत्रालय के बीच भारत की "राष्ट्रीय विनिर्माण नीति" के संदर्भ में सहयोग बढ़ाने पर सहमति.

• मुंबई-अहमदाबाद मार्ग पर हाई स्पीड रेल प्रणाली के सम्बंध में अध्ययन हेतु एक संयुक्त व्यवहार्यता अध्ययन के लिए आवश्यक खर्च को मिलकर वहन करने पर सहमति.

• भारत के परमाणु उर्जा विभाग एवं जापान के अर्थव्यवस्था, व्यापार और उद्योग मंत्रालय के मध्य भारत में दुर्लभ धातुओं से सम्बंधित उद्योग में सहयोग बढ़ाने के लिए समझौते पर सहमति.

• जापान के प्रधानमंत्री आबे को अगली वार्षिक शिखर बैठक में भाग लेने के लिए भारतीय प्रधानमंत्री द्वारा निमंत्रण.

केंद्रीय वाणिज्य मंत्री आनंद शर्मा का जापान दौरा

केंद्र में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री आनंद शर्मा 17 से 18 मई 2013 तक अपने दो दिन के जापान दौरे के दौरान जापान में कृषि, समुद्री एवं फार्मा उत्पाद के क्षेत्रों में भारतीय निर्यातकों को और अधिक बाजारों तक पहुँच बढ़ाने के लिए सहयोग देने की सिफारिश की. जापान का फार्मा उद्योग के 100 बिलियन डॉलर तक

बीच साझा सांस्कृति विरासत के प्रतीक के रूप में विशिष्ट उपहारस्वरूप भेंट की. भारतीय प्रधानमंत्री के साथ भारत के विदेश मामलों के मंत्री और एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी थाईलैंड दौरे पर था.

थाईलैंड यात्रा के दौरान भारत-थाईलैंड के मध्य हुए सात समझौते

1. आतंकवाद, अंतरराष्ट्रीय, आर्थिक एवं अन्य मामलों में भगोड़े अपराधियों को लेकर प्रत्यर्पण संधि. भारत की ओर से विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद एवं थाईलैंड की ओर से उपप्रधानमंत्री व विदेश मंत्री सूरापोंग तोविचाक्चाईकुल (Surapong Tovichakchaikul) ने हस्ताक्षर किए.

2. भारत-थाईलैंड के बीच विनिमय-कार्यक्रम को लेकर करार (एमओयू). आर्थिक, वैज्ञानिक, शैक्षिक, तकनीकी तथा सांस्कृतिक सहयोग तथा दोनो देशों के नागरिकों में आपसी समझ को बढ़ावा देने के माध्यम से दोनों देशों के द्विपक्षीय सम्बंधों को प्रगाढ़ बनाये जाएंगे. भारत की ओर से विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद एवं थाईलैंड की ओर से उपप्रधानमंत्री व विदेश मंत्री सूरापोंग तोविचाक्चाईकुल (Surapong Tovichakchaikul) ने हस्ताक्षर किए.

3. सजा प्राप्त कैदियों के स्थानांतरण को लेकर 25 जनवरी 2012 को हुई द्विपक्षीय संधि को दोनो देशों ने अंगीकृत किया. भारत की ओर से विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद एवं थाईलैंड की ओर से उपप्रधानमंत्री व विदेश मंत्री सूरापोंग तोविचाक्चाईकुल (Surapong Tovichakchaikul) ने हस्ताक्षर किए.

4. जिओ-ईंफॉर्मेटिक्स एंड स्पेस टेकनोलॉजी डेवेलपमेंट एजेंसी और सर्वे ऑफ इंडिया के मध्य मैपिंग एवं जिओस्पेशिअल टेक्नोलॉजी एप्लीकेशंस के क्षेत्र में करार. भारत की ओर से थाईलैंड में भारत के राजदूत अनिल बाधवा तथा जिओ-ईंफॉर्मेटिक्स एंड स्पेस टेकनोलॉजी डेवेलपमेंट एजेंसी की ओर से कार्यकारी निदेशक एनांड स्नीड्वोंग्स (Anond Snidvongs) ने हस्ताक्षर किए.

5. जिओ-ईंफॉर्मेटिक्स एंड स्पेस टेकनोलॉजी डेवेलपमेंट एजेंसी तथा नेशनल एटलस एंड थीमैटिक ऑर्गेनाइजेशन फॉर कोऑपरेशन के बीच मैपिंग एवं जिओस्पेशिअल टेक्नोलॉजी एप्लीकेशंस के क्षेत्र में करार. भारत की ओर से थाईलैंड में भारत के राजदूत अनिल बाधवा तथा जिओ-ईंफॉर्मेटिक्स एंड स्पेस टेकनोलॉजी डेवेलपमेंट एजेंसी की ओर से कार्यकारी निदेशक एनांड स्नीड्वोंग्स (Anond Snidvongs) ने हस्ताक्षर किए.

6. वित्तीय सतर्कता इकाई, भारत एवं एंटी मनी लॉंड्रिंग ऑर्गेनाईजेशन, थाईलैंड के मध्य हवाला एवं आतंकवाद वित्तपोषण से सम्बंधित विनिमय को लेकर सहयोग के क्षेत्र में करार. भारत की ओर

लोकसभा ने टू जी स्पेक्ट्रम घोटाले की जांच कर रही संयुक्त संसदीय समिति का कार्यकाल मानसून सत्र के अंत तक बढ़ाने का प्रस्ताव 6 मई 2013 को पारित किया. समिति के अध्यक्ष पीसी चाको द्वारा पेश प्रस्ताव को सदन ने ध्वनिमत से पारित कर दिया. यह प्रस्ताव 7 मई 2013 को राज्यसभा में पेश किए जाने की संभावना है. दोनों सदनों की मंजूरी के बाद संयुक्त संसदीय समिति का कार्यकाल संसद सत्र तक बढ़ जाना है. विदित हो कि मार्च 2011 में गठित संयुक्त संसदीय समिति का कार्यकाल पांचवीं बार बढ़ाया जा रहा है. इसका वर्तमान कार्यकाल 10 मई 2013 को समाप्त हो रहा है.

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन में परिवर्तनों को मंजूरी

देश भर में महिलाओं के स्वसहायता समूह के प्रसार पर जोर देते हुए केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन में कुछ महत्त्वपूर्ण परिवर्तनों को 6 मई 2013 को मंजूरी प्रदान की. इन परिवर्तनों से इस मिशन को और भी अधिक प्रभावकारी और शीघ्रतापूर्वक कार्यान्वित करने के लिए अतिरिक्त संसाधन उपलब्ध होने हैं और देश के ग्रामीण क्षेत्र में नई आजीविकाएं सृजित करने और महिलाओं के सशक्तीकरण में सहायता प्राप्त होनी है.

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत किए गए परिवर्तन

- लक्षित समूहों की पहचान प्रक्रिया में सुधार करना
- देश के 150 जिले में ब्याज में रियायत और अतिरिक्त रियायत उपलब्ध कराना
- वित्तीय सहायता प्रणाली में सुधार करना
- अधिक प्रभावकारी कार्यान्वयन के लिए मिशन के अधीन राष्ट्रीय स्तर की समिति स्थापित करना

सर्वोच्च न्यायालय द्वारा कुडनकुलम परमाणु ऊर्जा संयंत्र चालू करने के विरुद्ध याचिका खारिज

सर्वोच्च न्यायालय ने कुडनकुलम परमाणु ऊर्जा संयंत्र चालू करने के विरुद्ध याचिका को 6 मई 2013 को खारिज कर दिया. सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति केएस राधाकृष्णन और न्यायाधीश न्यायमूर्ति दीपक मिश्रा की पीठ ने यह निर्णय दिया. पीठ के अनुसार कुडनकुलम संयंत्र पूरी तरह से सुरक्षित है और यह देश के आर्थिक विकास तथा लोगों के हितों हेतु बहुत जरूरी है. देश की मौजूदा और भावी पीढ़ियों के लिए परमाणु ऊर्जा संयंत्रों की जरूरत है. सर्वोच्च न्यायालय ने अधिकारियों से इस संयंत्र को चालू करने का विरोध करने वालों के विरुद्ध आपराधिक मामले हटाने का निर्देश दिया और इस परमाणु संयंत्र को शुरू करने, इसकी सुरक्षा और पर्यावरण संबंधी मुद्दों के बारे में दिशा-निर्देश भी दिए.

राष्ट्रीय महिला आयोग और हुडको के मध्य समझौता

राष्ट्रीय महिला आयोग और आवास और शहरी विकास निगम लिमिटेड (हुडको) ने निस्सहाय महिलाओं के रहन-सहन में सुधार हेतु समझौता ज्ञापन पर 7 मई 2013 को हस्ताक्षर किए.

समझौता ज्ञापन से संबंधित मुख्य तथ्य

• इस समझौते के तहत राष्ट्रीय महिला आयोग और हुडको (शहरी विकास निगम लिमिटेड) द्वारा महिला हॉस्टलों, रिमांड होमों जैसी सुविधाओं के लिए अपनी-अपनी शक्तियों का इस्तेमाल करके आपस में सहयोग किया जाना निर्धारित है.

• हुडको के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक वीपी बालीगर और राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य सचिव के रत्ना प्रभा ने इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए.

शहरी विकास निगम लिमिटेड

शहरी विकास निगम लिमिटेड (हुडको) भारत सरकार के आवास और शहरी गरीबी उपशमन मंत्रालय के अधीन एक संस्था है. इसकी स्थापना वर्ष 1970 में की गई थी.

राष्ट्रीय महिला आयोग

राष्ट्रीय महिला आयोग एक वैधानिक संगठन है जिसे महिलाओं के उत्थान के लिए स्थापित किया गया है. भारतीय संसद द्वारा वर्ष 1990 में पारित अधिनियम के तहत जनवरी 1992 में गठित संवैधानिक निकाय- राष्ट्रीय महिला आयोग ऐसी इकाई है जो शिकायत या स्वतः संज्ञान के आधार पर महिलाओं के संवैधानिक हितों और उनके लिए कानूनी सुरक्षा उपायों को लागू कराती है. विदित हो कि केंद्रीय आवास और शहरी गरीबी उपशमन मंत्री अजय माकन, महिला और बाल विकास राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा तीरथ, राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती ममता शर्मा और आवास और शहरी गरीबी उपशमन सचिव एके मिश्र की उपस्थिति में यह समझौता किया गया.

केन्द्र को सीबीआई को बाहरी प्रभाव और अनुचित हस्तक्षेप से बचाने हेतु कानून बनाने का निर्देश

सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र से केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को बाहरी प्रभाव और अनुचित हस्तक्षेप से बचाने हेतु कानून बनाने का निर्देश 8 मई 2013 को दिया. कोयला घोटाले की जांच के बारे में सीबीआई निदेशक के हलफनामे को देखने के बाद सर्वोच्च न्यायालय ने कोयला घोटाले और अन्य मामलों में सीबीआई की जांच में केंद्र के हस्तक्षेप पर चिंता व्यक्त की. न्यायालय ने सीबीआई को अपने 33 सदस्यीय

दल और निदेशक को छोड़कर जांच की प्रगति या कोई रिपोर्ट या तथ्य को किसी के साथ साझा नहीं करने का निर्देश दिया. इस बीच, सीबीआई ने सर्वोच्च न्यायालय को आश्वासन दिया कि न्यायालय की इच्छानुसार कोयला खंड आवंटन मामले की व्यापक और गहराई से जांच की जानी है.

जनजातीय वनवासी सशक्तीकरण योजना शुरू

केंद्रीय जनजातीय कार्य और पंचायती राज मंत्री वी किशोर चंद्र देव ने अनुसूचित जनजाति के वनवासियों के आर्थिक उत्थान हेतु राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति वित्त और विकास निगम (एनएसटीएफडीसी) की जनजातीय वनवासी सशक्तीकरण योजना की शुरूआत 8 मई 2013 को की.

जनजातीय वनवासी सशक्तीकरण योजना से संबंधित मुख्य तथ्य

• अनुसूचित जनजातियों के वनवासियों के अधिकारों को ध्यान में रखते हुए उनके लिए वन अधिकार अधिनियम को मान्यता देकर विनियमित किया गया है.

• इस योजना के अधीन उनके सशक्तीकरण के लिए रियायती दर पर उन्हें वित्तीय सहायता दी जानी है.

• इस अवसर पर अनुसूचित जनजातियों से संबंधित योजनाओं की कवरेज हेतु राष्ट्रीय अनुसूचित जाति वित्त और विकास निगम तथा आकाशवाणी के मध्य एक रेडियो साझेदारी समझौता ज्ञापन पर भी हस्ताक्षर किए गए.

• एनएसटीएफडीसी और आकाशवाणी के बीच समझौता ज्ञापन से अनुसूचित जनजातियों से संबंधित योजनाओं के बारे में जानकारी फैलाने में सहायता प्राप्त होनी है.

इस अवसर पर जनजातीय कार्य राज्य मंत्री रानी नराह, मंत्रालय की सचिव विभा पुरी दास, एनएसटीएफडीसी के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री गुर सरूप सूद, आकाशवाणी के महानिदेशक (सामान्य) एलएम मंडलोई और मंत्रालय की संयुक्त निदेशक डॉ साधना राउत भी उपस्थित थे.

राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा नीति मंजूर

भारत के साइबर सुरक्षा तंत्र को सुरक्षित और अभेद्य बनाने के उद्देश्य से केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा नीति को 8 मई 2013 को मंजूरी दी. सुरक्षा मामलों पर मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीएस) द्वारा इस नीति को मंजूरी दी गई, जिसमें साइबर सुरक्षा ढांचे को विकसित करने के संबंध में भारत की घरेलू क्षमताओं को बढ़ाने पर जोर दिया गया है. इस नीति के दायरे में आईसीटी इस्तेमाल करने वाले सारे उपभोक्ता, छोटे और घर पर इस्तेमाल करने वाले लोग, मध्यम और बड़े उद्योग और सरकार तथा गैर

- मानव संसाधन मंत्रालय ने आईआईटी के पूर्व निदेशक प्रोफेसर संजय धांडे की अध्यक्षता में 7 सदस्यीय कार्य बल गठित करने का निर्णय किया.
- भारत के आर वेंकट राहुल ने दोहा में 15वीं एशियाई युवा भारोत्तोलन चैम्पियनशिप में 77 किलोग्राम भार वर्ग के तीनों स्वर्ण पदक जीते.

अर्थव्यवस्था

शहरी गरीबों के लिए 22 हजार करोड़ रूपए के राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन को मंजूरी

5. प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति ने एकल ब्रांड खुदरा क्षेत्र में स्वीडन की कम्पनी आईकिया के कितने रूपए के प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के प्रस्ताव को 2 मई 2013 को मंजूरी प्रदान की?

a. 8500 करोड़

b. 11500 करोड़

c. 9500 करोड़

d. 10500 करोड़

Answer: (d) 10500 करोड़

अधिक इकॉनोमी क्विज हेतु jagranjosh.com पढ़ें:

पर्यावरण | पारिस्थितिकी

मेडागास्कर द्वीप को 10 हजार करोड़ टिड्डियों ने घेरा, 1 लाख मीट्रिक टन पेड़-पौधे बर्बाद

मेडागास्कर द्वीप स्थित शकाराहा को एक साथ 10 हजार करोड़ टिड्डियों ने 6 मई 2013 को घेरा लिया, जिससे 1 लाख मीट्रिक टन पेड़-पौधे बर्बाद हो गए. वैज्ञानिकों के अनुसार जहां से यह टिड्डियों का समूह निकलता है उस स्थान पर बहुत तेज आवाज होती है. यह आवाज नर सिकाडा मादा को आकर्षित करने हेतु निकालता है. वर्तमान में यह समूह अमेरिका के पूर्वी तट की ओर बढ़ रहा है. इस दौरान इस समूह द्वारा 1450 किमी की दूरी तय की जानी है.

सिकाडा

यह आथ्रोपोडा प्रजाति के टिड्डे होते हैं. इनके पंख पारदर्शी, आंखें लाल रंग की और औसत लंबाई एक इंच से थोड़ी ज्यादा होती है. सिकाडा जमीन में एक फीट नीचे पैदा होते हैं. यह प्रजनन करने के बाद मर जाते हैं. सिकाडा प्रजाति प्रजनन करने के उद्देश्य से बाहर निकलती है.

विलोपन की ओर अग्रसर 100 स्तनधारियों की सूची में भारतीय डॉलफिन और हाथी शामिल

लंदन स्थित जूलॉजिकल सोसाइटी की ओर से 16 मई 2013 को जारी एक रिपोर्ट के अनुसार विलोपन की ओर अग्रसर विश्व भर के 100 स्तनधारियों की सूची में भारतीय गैंजेटिक नदी–गंगा में पाई जाने वाली स्तनधारी डॉलफिन और देश भर के विभिन्न हिस्सों में पाये जाने वाले भारतीय हाथी शामिल हैं. भारतीय हाथी को विलोपन की ओर अग्रसर स्तनधारियों की सूची में 17 वां स्थान दिया गया है. जूलॉजिकल सोसाइटी के अनुसार 1995 में इनकी संख्या 35,000-50,000 थी लेकिन इसके पश्चात इनकी संख्या धीरे-धीरे कम होती गई. जूलॉजिकल सोसाइटी लंदन ने इस रिपोर्ट को ईवोल्यूशनरिली डिस्टिंक्ट एण्ड ग्लोबली इनडेंजर्ड (एज) मानकों के आधार पर बनाया है. सोसाइटी के वैज्ञानिकों ने 'एज' स्तनधारियों के सर्वाधिक 5 फीसद को चिन्हित किया है और दुनियाभर के उन हिस्सों की पहचान की है जहाँ कि अति-विशिष्ट एवं विलोपन का सर्वाधिक खतरा झेल रहे स्तनधारियों की मौजूदगी है, उदाहरण के तौर पर अफ्रीका के मडागास्कर के लीमर.

रिपोर्ट में दक्षिण एवं मध्य अमेरिका, मडागास्कर, दक्षिण-पूर्व एशिया और दक्षिणी व पूर्वी अफ्रीका का बड़ा भूभाग स्तनधारियों के विलोपन पर बनाई गई सूची में 'एज' क्षेत्र के रूप में चिन्हित किये गये हैं. जहां तक एम्फीबियन श्रृंखला का प्रश्न हैं तो इस श्रेणी में उत्तरी अमेरिका का पूर्वी एवं पश्चिमी तट, मध्य अमेरिका,

थाईलैंड की संस्था स्टॉप ग्लोबल वॉर्मिंग एसोशिएशन ने 28 मई 2013 को जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि बैंकाक में थाईलैंड खेल प्राधिकरण के द्वारा आयोजित किया जाने वाले फॉर्मूला वन रेस से पर्यावरण एवं यहां लोगों को खतरा है. संस्था की तरफ से कहा गया है कि इस तरह के रेस के आयोजनों दुर्घटनाएं आम होती हैं. रेस में होने वाले ध्वनि प्रदूषण एवं स्पीडिंग से उत्पन्न तरंगों से यहां के सामरिक एवं ऐतिहासिक महत्व के भवनों को खतरा है. इस तरह से आयोजनों से पुरात्तव और पर्यावरण सम्बंधी कानूनों की उल्लंघन होता है. पर्यावरण सुरक्षा के लिए प्रयासरत इस संस्था का दावा है कि ऐसे आयोजन पर्यटन को बढ़ावा देने के बजाए कार उत्पादकों को प्रेरित करने के लिए आयोजित किये जाते हैं.

मधुमक्खियों को नुकसान पहुँचाने वाले कीटनाशकों पर प्रतिबंध

यूरोपीय संघ ने मधुमक्खियों को नुकसान पहुँचाने वाले कीटनाशकों के इस्तेमाल पर दो वर्षों के लिए प्रतिबंध लगा दिया है. संघ द्वारा यह निर्णय यूपीयन फूड सेफ्टी अथॉरिटी (फेसा) के द्वारा प्रकाशित एक रिपोर्ट के आधार पर लिया गया. यूरोपीय देशों को 24 मई 2013 को जारी की गई इस अधिसूचना के अनुसार सदस्य देशों को कीटनाशकों के सम्बंधित अपने-अपने कानूनों में बदलाव करने होंगे. क्लोथीआनीडिन (Clothianidin), ईमीडाक्लोप्रिड (Imidacloprid) और थिआमेटॉक्साम (Thiametoxam) तत्वों वाले कीटनाशकों पर प्रतिबंध लगाया है. इस तत्वों का इस्तेमाल बीजों के उपचार तथा फ्वाईलेज (Foilage) और मिट्टी के उपजाऊ बनाने के लिए किया जाता है. यूरोपीय संघ ने माना कि मधुमक्खियों की संख्या पिछले 10-15 वर्षों में तेजी से घटी. इसी विषय पर अनुसंधान के लिए यूरोपीय संघ ने 3.3 मिलियन यूरो आवंटित किये थे.

कार्बन डाईऑक्साइड उत्सर्जन से बढ़ रही है आर्कटिक सागरों में अम्लता

नार्वे स्थित आर्कटिक मॉनीटरिंग एण्ड एसेसमेंट प्रोग्राम (एएमएपी) की 6 मई 2013 को जारी एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि विश्व भर में कार्बन डाईआक्साइड के तेजी हो रहे उत्सर्जन के परिणामस्वरूप आर्कटिक सागरों में अम्लता की मात्रा बढ़ रही है. इससे समूची महासागरीय जैव-श्रृंखला पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेंगे. एएमएपी के वैज्ञानिकों को दावा है कि यदि हम कार्बन डाईऑक्साइड के उत्सर्जन को तुरंत रोक देते हैं तब भी आर्कटिक सागरों को अपने मूल स्वरूप में आने में लाखों वर्षों का समय लगेगा. कार्बन डाईऑक्साइड हमारे ग्रह पृथ्वी को गर्म बनाए रखने में अहम भूमिका निभाता है। ठंढा जल कार्बन डाईऑक्साइड को सामान्य जल की अपेक्षा अधिक तीव्रता से अवशोषित करता है इसलिए आर्कटिक सागरों में कार्बन डाईऑक्साइड के कारण अम्लता बढ़ रही है.

आर्कटिक मॉनीटरिंग एण्ड एसेसमेंट प्रोग्राम

विज्ञान / तकनीक

मंगल ग्रह पर पानी से नहीं, धूल धूसरित वातावरण के कारण माउंट शार्प का निर्मण हुआ

प्रिंसटन यूनिवर्सिटी और कैलिफोर्निया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के शोधकर्ताओं ने शोध में पाया है कि मंगल ग्रह पर मौजूद 5.6 किलोमीटर ऊंचे टीले का निर्माण मंगल ग्रह के धूल धूसरित वातावरण के कारण हुआ. इस टीले को माउंट शार्प के नाम से जाना जाता है. वैज्ञानिक अब तक मानते रहे हैं कि मंगल ग्रह पर मौजूद 5.6 किलोमीटर ऊंचे टीले का निर्माण झील की गाद से हुआ है. यह नया शोध उस प्रचलित सिद्धात के विरुद्ध है जिसमें उल्लेखित है कि माउंट शार्प का निर्माण झील में जमा गाद से हुआ. इसका यह मतलब हो सकता है कि मंगल पर पूर्व में पृथ्वी जैसी जलवायु होने के बारे में अधिकाश वैज्ञानिक जितनी उम्मीद करते हैं, उससे कम ही प्रमाण मौजूद हैं. विदित हो कि अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा का रोवर क्यूरियोसिटी अगस्त 2012 में माउंट शार्प के निकट उतरा था. यह मंगल ग्रह पर आवास के योग्य वातावरण का पता लगाने के उद्देश्य से वहां गया था. दिसंबर 2012 में क्यूरियोसिटी को मंगल पर चिकनी मिट्टी, जल और कार्बनिक पदार्थ की मौजूदगी के संकेत मिले थे.

शोधकर्ताओं ने पतंगे (ड्रैगनफ्लाई) की नई प्रजाति की खोज की

गोवा के एक वन्यजीव अभयारण्य में भारतीय प्राणी वैज्ञानिक सर्वेक्षण, कोलकाता के वैज्ञानिक डॉ केए सुब्रमण्यम के नेतृत्व में शोधकर्ताओं ने पतंगे (ड्रैगनफ्लाई) की एक नई प्रजाति की खोज की. यह प्रजाति सदाबहार वनों में पाई जाती है. वैज्ञानिक डॉ केए सुब्रमण्यम के साथ शोधकर्ताओं पराग रंगनेकर और रोहन नाइक ने दक्षिणी गोवा स्थित कोल्लम के भगवान महावीर वन्यजीवन अभयारण्य में इडियोनिक्स गोमेंटाकेनसिस नामक प्रजाति की पहचान की. ड्रैगनफ्लाई से जुड़े सव्रेक्षण की यह परियोजना गोवा की

अधिक साइंस करेंट अफेयर्स क्विज हेतु jagranjosh.com पढ़ें:

न्यूज़ कैप्सूल

उपराष्ट्रपति ने पुस्तक फिदा-ए-लखनऊ-टेल्स ऑफ द सिटी एंड इट्स पीपुल का विमोचन किया

फिदा-ए-लखनऊ-टेल्स ऑफ द सिटी एंड इट्स पीपुल: परवीन ताल्हा

उपराष्ट्रपति एम हामिद अंसारी ने फिदा-ए-लखनऊ-टेल्स ऑफ द सिटी एंड इट्स पीपुल पुस्तक का विमोचन 1 मई 2013 को किया. इस पुस्तक की लेखिका यूपीएसई की पूर्व सदस्य परवीन ताल्हा हैं. यह पुस्तक 22 लघु कथाओं का संग्रह है, जिसमें लखनऊ के जीवन, वहां की गंगा-जमुनी संस्कृति का इतिहास और आजादी के बाद शहर और उसके लोगों में आए बदलाव की झलक है. इसमें लखनऊ की महिलाओं की भी गाथा हैं.

अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस मनाया गया

1 मई: अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस

1 मई को अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस मनाया गया. इसका आयोजन श्रमिकों के योगदान को सम्मानित करने के लिए किया जाता है. इसे मई दिवस के नाम से भी जाना जाता है. यह दिवस सामाजिक न्याय और मानवाधिकारों तथा श्रम अधिकारों को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है. भारत में 1923 से इसे राष्ट्रीय अवकाश के रूप में मनाया जाता है. अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस की शुरुआत वर्ष 1886 में शिकागो में उस समय शुरू हुई थी, जब मजदूर मांग कर रहे थे कि काम की अवधि आठ घंटे हो और सप्ताह में एक दिन की छुट्टी हो. इस हड़ताल के दौरान एक अज्ञात व्यक्ति ने बम फोड़ दिया और बाद में पुलिस फायरिंग में कुछ मजदूरों की मौत हो गई, साथ ही कुछ पुलिस अफसर भी मारे गए. इसके बाद 1889 में पेरिस में अंतरराष्ट्रीय महासभा की द्वितीय बैठक में एक प्रस्ताव पारित किया गया कि इसको अंतरराष्ट्रीय मजदूर

दिवस के रूप में मनाया जाए, उसी समय से दुनिया के 80 देशों में मई दिवस को राष्ट्रीय अवकाश के रूप में मनाया जाने लगा.

उपराष्ट्रपति ने पुस्तक एन आरडेन्ट पैट्रियॉट: दिनेश गोस्वामी का लोकार्पण किया

एन आरडेन्ट पैट्रियॉट: दिनेश गोस्वामी- कुमार दीपक दास

उपराष्ट्रपति एम हामिद अंसारी ने नई दिल्ली में एन आरडेन्ट पैट्रियॉट: दिनेश गोस्वामी नामक पुस्तक का लोकार्पण 30 अप्रैल 2013 को किया. इसका संकलन और संपादन संसद सदस्य कुमार दीपक दास ने किया है. यह पुस्तक दिनेश गोस्वामी के वर्ष 1971 से 1990 के मध्य राज्य सभा और लोकसभा में दिए गए भाषणों का संकलन है. दिनेश गोस्वामी असम से निर्वाचित प्रखर सांसद और विधिवेत्ता भी थे. वह वर्ष 1990 में चुनाव सुधारों के बारे में गठित समिति के अध्यक्ष थे. इस समिति ने भारतीय चुनाव प्रणाली में सुधार के बाबत अनेक महत्त्वपूर्ण सिफारिशें की जो वर्तमान में भी प्रासंगिक हैं. वह सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों में सम्मान की दृष्टि से देखे जाते थे.

हॉलीवुड अभिनेत्री डिएना डर्बिन का निधन

हॉलीवुड अभिनेत्री डिएना डर्बिन (Deanna Durbin) का पेरिस में 20 अप्रैल 2013 को निधन हो गया. वह 91 वर्ष की थीं.

डिएना डर्बिन के जीवन से संबंधित मुख्य तथ्य

• उन्होंने वर्ष 1936 में एवेरी सन्डे से अपने कॅरियर की शुरूआत की, जिसमें वह जूडी गारलैंड के साथ दिखाई दीं.

• उनकी पहली फिल्म थ्री स्मार्ट गर्ल्स थी. यह फिल्म वर्ष 1937 में ऑस्कर पुरस्कारों के लिए नामित हुई थी.

• वर्ष 1939 में उन्हें जुवेनाइल एकेडमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया.

• डिएना डर्बिन वर्ष 1947 में अमेरिका में सबसे अधिक भुगतान पाने वाली अभिनेत्री थीं. उन्होंने 27 वर्ष की आयु में संन्यास ले लिया था.

• उनका जन्म वर्ष 1921 में विन्निपेग, कनाडा में हुआ था.

चीन ने शीछांग उपग्रह प्रक्षेपण केन्द्र से संचार उपग्रह चोंगशिंग-11 का प्रक्षेपण किया

चीन ने सिचुआन प्रान्त स्थित शीछांग उपग्रह प्रक्षेपण केन्द्र से संचार उपग्रह चोंगशिंग-11 (Zhongxing-11) का 2 मई 2013 को प्रक्षेपण किया. इस उपग्रह को लॉन्ग मार्च-थ्री बी रॉकेट से पूर्व निर्धारित कक्षा में छोड़ा गया. यह चीन की लॉन्ग मार्च श्रृंखला से 176वां प्रक्षेपण है. चोंगशिंग-11 उपग्रह के प्रक्षेपण में चीन में स्वनिर्मित तोंगफ़ांगहोंग-4 उपग्रह मंच का प्रयोग किया गया, उपग्रह का निर्माण चीनी अंतरिक्ष विज्ञान व तकनीक ग्रुप कंपनी के अधीन चीनी अंतरिक्ष तकनीक अनुसंधान अकादमी द्वारा किया गया. इस उपग्रह का इस्तेमाल मुख्य रूप से एशिया प्रशान्त क्षेत्र के उपभोक्ताओं को व्यावसायिक संचार सेवाएं उपलब्ध कराने में किया जाना है.

शेख सलमान बिन इब्राहिम अल खलीफा एशियाई फुटबाल परिसंघ के अध्यक्ष निर्वाचित

बहरीन के फुटबाल संघ के प्रमुख शेख सलमान बिन इब्राहिम अल खलीफा को एशियाई फुटबाल परिसंघ का अध्यक्ष 2 मई 2013 को निर्वाचित किया गया. उन्होंने मोहम्मद बिन हम्माम का स्थान लिया. उनके द्वारा मोहम्मद बिन हम्माम का बचा हुआ कार्यकाल पूरा किया जाना है, जो वर्ष 2015 तक निर्धारित है. शेख सलमान बिन इब्राहिम अल खलीफा ने पहले चरण के मतदान में संयुक्त अरब अमीरात के प्रतिद्वंद्वी यूसफ अल सरकाल और थाईलैंड के वोरावी माकुडी को पराजित कर 46 में से 33 मत प्राप्त किए.

विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस

3 मई: विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस

विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस का उद्देश्य प्रेस की आजादी के महत्त्व के प्रति जागरूकता फैलाना है. संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा प्रेस की आजादी के महत्त्व के प्रति जागरूकता फैलाने हेतु 3 मई को विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस घोषित किया गया. विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस 2013 का विषय सेफ टू स्पीकः मीडिया के सभी माध्यमों में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता प्राप्त करना है.

विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस से संबंधित मुख्य तथ्य

• अभिव्यक्ति की आजादी अनुच्छेद 19 के अनुसार मौलिक मानवाधिकार है.

• प्रेस की आजादी और समाचारों को लोगों तक पहुंचाकर, सशक्त हो रहे मीडियाकर्मियों का व्यापक विकास करना इसका उद्देश्य है.

• 3 मई 1991 को अफ्रीकी समाचारपत्रों के पत्रकारों द्वारा जारी किए गए विंड हॉक की घोषणापत्र की वर्षगांठ भी 3 मई को ही होती है.

फिल्म निर्देशक ब्रायन फोर्ब्स का निधन

अंग्रेजी फिल्म निर्देशक, अभिनेता, पटकथा लेखक और उपन्यासकार ब्रायन फोर्ब्स (Bryan Forbes) का वर्जीनिया वाटर में 8 मई 2013 को निधन हो गया. वह 86 वर्ष के थे.

ब्रायन फोर्ब्स के जीवन से संबंधित मुख्य तथ्य

• उन्हें रेनायसेन्स मैन के नाम से भी जाना जाता था.

• उनका जन्म लंदन में 22 जुलाई 1926 को हुआ.

• वह फिल्म स्टेपफोर्ड वाइव्स (वर्ष 1970) के लिए काफी प्रसिद्ध हुए थे.

• उनका नवीनतम उपन्यास द सोल्जर्स स्टोरी (The Soldier 's Story) वर्ष 2012 में प्रकाशित हुआ था.

• वर्ष 1960 में द एंग्री साइलेंस की पटकथा के लिए उन्हें बाफ्टा पुरस्कार से सम्मानित किया गया था.

• वर्ष 2007 में उन्हें बाफ्टा की ओर से फिल्म निर्माण क्षेत्र में असाधारण उपलब्धि के लिए सम्मानित किया गया.

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस 11 मई 2013 को मनाया गया

11 मई: राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस 11 मई 2013 को मनाया गया. भारत में प्रतिवर्ष 11 मई को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के रूप में मनाया जाता है. 11 मई 1998 को ही पोखरण में सफल परमाणु परीक्षण किया गया था. इससे संबंधित प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि प्राप्त होने के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस मनाया जाता है. विदित हो कि घरेलू स्तर पर तैयार एयरक्राफ्ट हंस-3 ने भी इसी दिन परीक्षण उड़ान भरी थी. इसके अलावा इसी दिन भारत ने त्रिशूल मिसाइल का भी सफल परीक्षण किया था.

लड़ाकू विमान मिग-29 का ब्लैक पैंथर स्क्वाड्रन नौसेना में शामिल

रक्षामंत्री एके एंटनी ने गोवा में लड़ाकू विमान मिग-29 के ब्लैक पैंथर स्क्वाड्रन को नौसेना में 11 मई 2013 को शामिल किया. यह कार्यक्रम आईएनएस-हंस पर आयोजित किया गया जो भारतीय नौसेना की अन्य लड़ाकू विमान स्क्वाड्रनों के साथ ब्लैक पैंथर स्क्वाड्रन का आधार है. स्क्वाड्रन में शुरू में 16 लड़ाकू विमान शामिल हैं. इस स्क्वाड्रन को आईएएनएस 303 के नाम से जाना जाना है. आधुनिक युग के लड़ाकू विमान को फरवरी 2010 में भारतीय नौसेना में शामिल किया गया था.

में मनाया जाता है. इस दिन का मुख्य उद्देश्य इंटरनेट, टेलीफोन और टेलीविजन के द्वारा तकनीकी दूरियों को कम करना और आपसी संचार सम्पर्क को बढ़ाना भी है. इस वर्ष के विषय का महत्व इसलिए बढ़ जाता है, क्योंकि संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के अनुसार विकासशील देशों में प्रत्येक वर्ष 13 लाख लोग सड़क दुर्घटनाओं में मारे जाते हैं और दो से पांच करोड़ लोग घायल हो जाते हैं. इसका मुख्य कारण गाड़ी चलाते वक्त फोन पर बात करने से ड्राइवर का ध्यान बंटना और सड़क का इस्तेमाल करने वाले लोगों का व्यवहार भी है.

अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय दिवस सम्पूर्ण विश्व में मनाया गया

18 मई: अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय दिवस

विश्वभर में अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय दिवस (International Museum Day) 18 मई 2013 को मनाया गया. समाज के विकास में संग्रहालयों की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में लोगों में जागरूकता पैदा करने हेतु वर्ष 1977 से प्रत्येक वर्ष यह दिवस मनाया जाता है. अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय परिषद ने वर्ष 2013 का विषय रखा है- *संग्रहालय स्मृति और सृजनात्मकता से सामाजिक परिवर्तन.* संस्कृति मंत्रालय ने इस मौके पर विभिन्न समारोह आयोजित करने के लिए देशभर में जिन चार संग्रहालयों का चयन किया है उनमें इलाहाबाद का संग्रहालय एक है. समारोह का हिस्सा बनने के लिए इस संग्रहालय ने 50 छात्रों को आमंत्रित किया.

राहा मोहारक मॉउंट एवरेस्ट पर चढ़ने वाली सऊदी अरब की पहली महिला पर्वतारोही बनी

सऊदी अरब की पहली महिला पर्वतारोही राहा मोहारक ने विश्व की सबसे ऊंची चोटी मॉउंट एवरेस्ट पर चढ़ने में सफलता 18 मई 2013 को प्राप्त की. राहा मोहारक चार सदस्यों की टीम के साथ शिखर पर पहुंची. राहा मोहारक ने दो कीर्तिमान स्थापित किए. राहा मोहारक एवरेस्ट पर चढ़ने वाली, न केवल सऊदी अरब की पहली महिला हैं बल्कि पहले प्रयास में यह सफलता प्राप्त करने वाली महिला भी हैं.

45वां भारतीय श्रम सम्मेलन नई दिल्ली में सम्पन्न

45वां भारतीय श्रम सम्मेलन नई दिल्ली के विज्ञान भवन में 18 मई 2013 को सम्पन्न हुआ. इस दो दिवसीय सम्मेलन में श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा और पेंशन की गारंटी देने का संकल्प पारित किया गया. केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्रालय द्वारा यह सम्मेलन 17 और 18 मई 2013 को आयोजित किया गया. 45 वें भारतीय श्रम सम्मेलन में राज्य सरकारों के श्रम मंत्रियों, केंद्रीय मजदूर संघों के नेता, नियोक्ताओं के प्रतिनिधि तथा केंद्र और राज्य सरकारों के कर्मचारियों ने विभिन्न क्षेत्रों में काम कर रहे श्रमिकों के लिए सेवा शर्तों, वेतन और सामाजिक सुरक्षा जैसे विषयों पर विचार विमर्श किया.

चीन के प्रधानमंत्री ली केकियांग ने वर्ष 2014 को भारत-चीन मैत्री वर्ष घोषित किया

वर्ष 2014: भारत-चीन मैत्री वर्ष

चीन के प्रधानमंत्री ली केकियांग ने भारत और चीन के मध्य शान्तिपूर्ण सह अस्तित्व बढ़ाने के लिए वर्ष 2014 को भारत-चीन मैत्री वर्ष घोषित किया. यह घोषणा चीन के प्रधानमंत्री ली केकियांग की चार दिवसीय भारत की यात्रा के दौरान 21 मई 2013 को की गई. दक्षिण पूर्व एशिया क्षेत्र में शांति और स्थिरता इस मैत्री वर्ष का उद्देश्य है. यात्रा के दौरान नई दिल्ली में फिक्की और आईसीडब्ल्यूए के एक आयोजन में ली केकियांग ने कहा कि भारत और चीन व्यापार असंतुलन दूर करने में सक्षम हैं. चीन कभी भी व्यापार संतुलन अपने पक्ष में नहीं रखना चाहता. व्यवस्थित व्यापार संतुलन रखना ही दोनों देशों के हित में है. ली केकियांग ने दोनों देशों के बाजारों के बीच एकजुटता बढ़ाने का समर्थन किया.

जल और जैव-विविधता विषय के साथ अंतरराष्ट्रीय जैव-विविधता दिवस मनाया

22 मई: अंतरराष्ट्रीय जैव-विविधता दिवस

22 मई को अंतरराष्ट्रीय जैव-विविधता दिवस मनाया गया. वर्ष 2013 के अंतरराष्ट्रीय जैव-विविधता दिवस का विषय था-जल और जैव-विविधता. ये दोनों धरती पर जीवन के लिए आवश्यक हैं. प्रतिवर्ष इस दिवस को मनाकर हम भावी पीढ़ियों के लिए जैव-संसाधनों की मूल्यवान विरासत की रक्षा करने का संकल्प और जिम्मेदारी लेते हैं. भारत ने जैव-विविधता सम्मेलन के 11वें अधिवेशन का आयोजन अक्टूबर 2012 में हैदराबाद में किया था. इसलिए भारत इस समय इससे जुड़े विभिन्न पक्षों के सम्मेलन का अध्यक्ष है. अंतरराष्ट्रीय जैव-विविधता दिवस समारोह का आयोजन नई दिल्ली में किया गया. इस समारोह का आयोजन पर्यावरण और वन मंत्रालय ने वेटलैंड्स इंटरनेशनल-साउथ एशिया और डब्ल्यूडब्ल्यूएफ-इंडिया के साथ मिलकर किया. इस अवसर पर केंद्रीय पर्यावरण और वन मंत्रालय ने अहमदाबाद के पर्यावरण शिक्षा केंद्र द्वारा डिज़ाइन किए गए पोस्टर जल ही जीवन है का भी विमोचन किया. यह पोस्टर देश की 16 प्रमुख सरकारी भाषाओं में है. समारोह के अवसर पर मैनग्रोव्जय ऑफ इंडिया-उनका जैव विज्ञान और उपयोग नामक पुस्तक का विमोचन किया गया जिसका प्रकाशन भारतीय प्राणी विज्ञान सर्वेक्षण ने कराया.

गश्ती जहाज वैभव भारतीय तटरक्षक बल में शामिल

गश्ती जहाज वैभव को तूतीकोरिन में भारतीय तटरक्षक बल के महानिदेशक वाइस एडमिरल अनुराग जी थपलियाल ने भारतीय तटरक्षक बल में 21 मई 2013 को शामिल किया. गश्ती जहाज वैभव में एक हेलीपैड, जीवनरक्षक नौकाएं और आग बुझाने के आधुनिक उपकरण लगे हैं.

• अकादमी फेलोशिप के तहत ताम्रपत्रम, अंगवस्त्रम और तीन लाख रुपए नगद तथा अकादमी पुरस्कार के तहत ताम्रपत्रम, अंगवस्त्रम के साथ एक लाख रुपए नगद प्रदान किया जाता है.

• संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार प्रतिवर्ष संगीत और नृत्य तथा नाटक के क्षेत्र में विशिष्ट कलाकारों को दिया जाने वाला सम्मान है.

• संगीत नाटक अकादमी भारत सरकार द्वारा स्थापित भारत की संगीत एवं नाटक की राष्ट्रीय स्तर की सबसे बड़ी अकादमी है.

• संगीत नाटक अकादमी का मुख्यालय दिल्ली में है.

• पुरस्कारों का निर्णय अकादमी महापरिषद करती है.

• पुरस्कार समारोह में पुरस्कार वितरण भारत के राष्ट्रपति द्वारा होता है.

• संगीत, नृत्य और नाटक के क्षेत्र में अकादमी प्रतिवर्ष कुछ रत्न सदस्यों (फेलो) का चुनाव करती है.

संगीत नाटक अकादमी

भारत सरकार ने एक संसदीय प्रस्ताव द्वारा एक स्वायत्त संस्था के रूप में संगीत नाटक अकादमी की स्थापना करने का निर्णय किया. उसके अनुसार वर्ष 1953 में अकादमी की स्थापना हुई. वर्ष 1961 में अकादमी भंग कर दी गई और इसका नए रूप में गठन किया गया.

स्पोर्टिंग टाइम्स का मुंबई में विमोचन

स्पोर्टिंग टाइम्स: बोरिया मजूमदार

खेल इतिहासकार बोरिया मजूमदार द्वारा लिखित पुस्तक स्पोर्टिंग टाइम्स का मुंबई में 28 मई 2013 को विमोचन किया गया. इस पुस्तक में देश के पिछले 175 वर्षों के खेल इतिहास को संजोया गया है, जिसमें 1840 से लेकर अब तक (वर्ष 2013) की खेल रिपोर्ट शामिल हैं. यह पुस्तक अखबार से संग्रह की गई रिपोर्टों को संकलन है. विदित हो कि टाइम्स ऑफ इंडिया के 175वें वर्ष के उपलक्ष्य में बोरिया मजूमदार की बुक स्पोर्टिंग टाइम्स प्रकाशित की गई है. किताब में हॉकी के जादूगर ध्यानचंद के 1936 के बर्लिन ओलिंपिक में करिश्माई खेल की प्रशंसा में लिखी गई है.

बांग्ला फिल्मों के निर्देशक ऋतुपर्णो घोष का कोलकाता में निधन

• उन्होंने वर्ष 1951 में पटना विश्वविद्यालय में राजनीतिविज्ञान के शिक्षक के रुप में कार्य किया. उन्होंने बहरमपुर विश्वविद्यालय में भी पढ़ाया. वह विश्वविद्यालय अनुदान आयोग में शिक्षा अधिकारी भी रहीं.

• उनके परिवार में तीन पुत्रियां तथा एक पुत्र हैं.

• वर्ष 1927 में कोलकाता के एक मध्यवर्गीय परिवार में वीणा मजूमदार का जन्म हुआ था.

विश्व तम्बाकू निषेध दिवस का उद्देश्य

31 मई: विश्व तम्बाकू निषेध दिवस

विश्व तम्बाकू निषेध दिवस (World Anti Tobacco Day) तम्बाकू सेवन के खतरों से लोगों को जागरुक करने के लिए प्रत्येक वर्ष 31 मई को मनाया जाता है. विश्व स्वास्थ्य संगठन ने वर्ष 2013 के तम्बाकू निषेध दिवस का विषय दिया है- तम्बाकू के विज्ञापन, प्रचार और प्रायोजन पर प्रतिबंध (Ban tobacco advertising, promotion and sponsorship). विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के सदस्य देशों ने वर्ष 1987 में विश्व तम्बाकू निषेध दिवस की स्थापना की थी. विश्वभर में 50 लाख से ज्यादा मौतें तम्बाकू सेवन से होती हैं. तम्बाकू नियंत्रण रिर्पोट वर्ष 2004 के अनुसार भारत में तम्बाकू उपयोग के कारण प्रतिवर्ष 9 लाख से अधिक लोगों की मृत्यु हो रही है. कैंसर से मरने वाले लोगों में लगभग 50 प्रतिशत तम्बाकू का उपयोग करते है. हृदय रोग कार्डियों वेस्कुलर डिसीज एवं फेफड़े की बीमारियों (लंगडिस आर्डर) का सीधा संबंध तम्बाकू से है.

प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह असम से राज्यसभा के लिए लगातार 5वीं बार चयनित

प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को असम से राज्यसभा के लिए लगातार 5वीं बार 30 मई 2013 को चयनित किया गया. वह पहली बार असम से राज्यसभा के लिए वर्ष 1991 में चयनित हुए थे. इसके साथ ही इंडियन नेशनल कांग्रेस (आईएनसी) ने असम से राज्यसभा की दोनों सीटों पर जीत प्राप्त की. विधानसभा के 126 सदस्यों में से डॉक्टर मनमोहन सिंह को 49 तथा कांग्रेस के दूसरे उम्मीदवार शांतिउस कुजूर को 45 मत प्राप्त हुए. शांतिउस कुजुर उडालगूरी जिले के रहने वाली हैं, वह पहली बार संसद के लिए चयनित हुई हैं. उन्होंने अपनी विरोधी उम्मीदवार ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (एआईयूडीएफ) के अमीनुल इस्लाम को पराजित किया. असम में दो राज्यसभा सीटों के लिए मनमोहन सिंह और शांतिउस कुजूर के अलावा ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (एआईयूडीएफ) के अमीनुल इस्लाम तीसरे प्रत्याशी थे.

राज्यसभा की सदस्यता के लिए निर्वाचन प्रक्रिया

बनाने का अनुरोध किया. छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री रमन सिंह ने राज्य में माओवादी विरोधी रणनीति का फिर से निर्धारण करने हेतु सर्वदलीय बैठक बुलाई थी.

भारतीय मूल के अमेरिकी अरविंद महनकली ने स्क्रिप्स नेशनल स्पेलिंग बी प्रतियोगिता जीती

भारतीय मूल के अमेरिकी अरविंद महनकली ने वर्ष 2013 की स्क्रिप्स नेशनल स्पेलिंग बी प्रतियोगिता का खिताब 30 मई 2013 को जीती. इसके के साथ वह इस स्पर्धा में जीत दर्ज करने वाले छठें भारतीय अमेरिकी बन गए हैं. यह इस प्रतियोगिता का 86वां संस्करण था. इस प्रतियोगिता के शीर्ष तीन प्रतिभागी भारतीय अमेरिकी ही हैं. इसमें दूसरे स्थान पर इलिनोइस के टॉवर लेक्स के निवासी 13 वर्षीय प्रणव शिवकुमार और तीसरे स्थान पर न्यूयार्क के श्रीराम हठवार रहे.

स्क्रिप्स नेशनल स्पेलिंग बी प्रतियोगिता

इस प्रतियोगिता में बच्चों की मानसिक शक्ति, मानसिक संतुलन और शब्दों के ज्ञान का परीक्षण किया जाता है. इस प्रतियोगिता की स्थापना वर्ष 1925 में की गई थी. इस प्रतियोगिता के विजेता को एक बड़े कप के आकार की ट्रॉफी के साथ 30000 अमेरिकी डॉलर का नकद इनाम भी दिया जाता है.

अरविंद महनकली

• अरविंद महनकली ने लगातार चौथी बार वर्ष 2013 में स्क्रिप्स नेशनल स्पेलिंग बी प्रतिस्पर्धा में भाग लिया. वर्ष 2010 में वह नौवें स्थान पर तथा वर्ष 2011 एवं वर्ष 2012 में तीसरे स्थान पर रहे थे.

• आठवीं कक्षा में पढ़ने वाले 13 वर्षीय अरविंद के पसंदीदा विषय गणित और विज्ञान हैं.

• अरविंद महनकली न्यूयार्क के रहने वाले हैं.

• उसके पिता एक आईटी सलाहकार और मां एक डाक्टर हैं.

• तेलुगु और स्पेनिश भाषी अरविंद महनकली को टेनिस, बास्केटबाल, रंगमंच पसंद है.

और अधिक पढने हेतु क्लिक करें:

हरियाणा पुलिस में सब-इंस्पेक्टर के पद पर कार्यरत प्रीति बेनीवाल ने हरियाणा की पायल और क्वार्टरफाइनल में मिजोरम की लाल बाउटसाई को पराजित किया था.

प्रीति बेनीवाल

• प्रीति बेनीवाल ने वर्ष 2010 में महाराष्ट्र स्थित पुणे में आयोजित 58वीं अखिल भारतीय पुलिस महिला मुक्केबाजी चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता.

• उन्होंने वर्ष 2008 में आगरा में आयोजित 9वीं सीनियर महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक प्राप्त किया.

• वर्ष 2006 में हनोई में आयोजित महिला ओपन मुक्केबाजी टूर्नामेंट में प्रीति बेनीवाल ने स्वर्ण पदक जीता.

मुंबई इंडियंस ने चेन्नई सुपर किंग्स को पराजित कर आईपीएल -6 का खिताब जीता

मुंबई इंडियंस ने चेन्नई सुपर किंग्स को पराजित कर आईपीएल-6 का खिताब जीत लिया. मुंबई इंडियंस का यह पहला आईपीएल ख़िताब है. आईपीएल-6 का फाइनल मैच कोलकता के इडेन गार्डेन मैदान पर 26 मई 2013 को खेला गया. मुंबई इंडियंस के कप्तान रोहित शर्मा और चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी और मुंबई इंडियंस टीम के मालिक रिलायंस इंडस्ट्री तथा चेन्नई सुपर किंग्स के मालिक एन श्रीनिवासन हैं. मुंबई इंडियंस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 148 रन बनाए. इसके जबाब में चेन्नई सुपर किंग्स की टीम ने नौ विकेट पर 125 रन ही बना पाई.

मुंबई इंडियंस टीम के खिलाड़ी किरोन पोलार्ड की विषम परिस्थितियों में खेली गई तूफानी अर्धशतकीय पारी तथा तेज और स्पिन मिश्रित आक्रमण के कमाल के प्रदर्शन से मुंबई इंडियंस ने यहां दो बार के चैंपियन चेन्नई सुपरकिंग्स पर 23 रन की जीत दर्ज की. चेन्नई सुपरकिंग्स ने वर्ष 2010 और वर्ष 2011 में आईपीएल-का खिताब जीता था. मुंबई इंडियंस के खिलाड़ी किरोन पोलार्ड ने केवल 32 गेंदों पर सात चौकों और तीन छक्कों की मदद से नाबाद 60 रन बनाए. किरोन पोलार्ड को फ़ाइनल मैच का मैन ऑफ द मैच प्रदान किया गया. मुंबई इंडियंस को विजेता बनने पर दस करोड़ रुपए जबकि चेन्नई सुपर किंग्स की टीम को सात करोड़ 50 लाख रुपए इनाम के रूप में दिए गए. आईपीएल-6 में सर्वाधिक 32 विकेट लेने वाले चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाड़ी ड्वेन ब्रावो को पर्पल कैप और आईपीएल-6 टूर्नामेंट में सर्वाधिक 733 रन बनाने वाले चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाड़ी माइकल हसी को ओरेंज कप प्रदान किया गया.

आईपीएल के गत विजेता (Previous IPL Winners)

• आईपीएल सत्र-1 (2008): राजस्थान रॉयल्स (Rajasthan Royals)